भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
20.12.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2938 का उत्तर

नांदेड़-बीदर में नई रेल लाइन का बिछाया जाना

2938. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नांदेड़-बीदर नई रेल लाइन बिछाने में विलंब के क्या कारण हैं;
(ख) उक्त रेल लाइन बिछाने पर कितना व्यय होने की संभावना है; और
(ग) उक्त नांदेड़-बीदर रेल लाइन बिछाने के कार्य को पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): नांदेड़-बीदर (155 किलोमीटर) नई लाइन परियोजना को अपेक्षित अनुमोदनों के प्राप्त होने के अध्यधीन 2018-19 के बजट में शामिल किया गया है। परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इस परियोजना में कम यातायात का अनुमान है, इसलिए महाराष्ट्र और कर्नाटक सरकार से नि:शुल्क भूमि मुहैया कराने और संबंधित राज्य में स्थित परियोजना के निर्माण की लागत में 50% भागीदारी करने का अनुरोध किया गया है। बहरहाल, उनकी सहमति की प्रतीक्षा है।

रेल परियोजना का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा त्वरित भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा वानिकी स्वीकृतियां, अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भूविज्ञानी और स्थलाकृतिक परिस्थिति, परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों के कारण परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजना (परियोजनाओं) के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं।

******